15022026-DTM-09_Dainik Tribune-9 2/14/2026 9:47 PM Page 1

बहुमंजिला भवन को लेकर डीटीपी और नगर निगम में विवाद

रमेश सरोए/हप्र
करनाल, 14 फरवरी

कानून सभी के लिए समान : जगमोहन आनंद

अगर किसी के पास कोई दस्तावेज है, तो उन्हें दस्तावेज संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। लेकिन ये नहीं हो सकता कि अवैध कॉलोनी में किसी के निर्माण तो ध्वस्त कर दिए जाएं और किसी के छोड़ दिए जाएं। कानून सभी के लिए एक समान है, किसी के भी साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा।

सेक्टर-32 स्थित नूरमहल के पीछे बन रहा बहुमंजिला भवन अवैध कॉलोनी का हिस्सा है या नहीं, इस पर जिला योजनाकार विभाग (डीटीपी) और नगर निगम करनाल (एमसी) के बीच असहमति बनी हुई है। डीटीपी का दावा है कि यह भवन इंडिविजुअल है और अवैध कॉलोनी से संबंधित नहीं है, जबकि नगर निगम का कहना है कि यह भवन अवैध कॉलोनी का हिस्सा है और यदि संबंधित दस्तावेज जैसे सी.एल.यू. और नक्शा पास नहीं कराया गया है, तो नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, बहुमंजिला भवन के पास ही 2.5 एकड़ क्षेत्र में चार अन्य निर्माणाधीन मकानों को तोड़ा गया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि अगर बहुमंजिला भवन भी अवैध कॉलोनी का हिस्सा पाया गया, तो उसके साथ समान कार्रवाई की जाएगी।

जिला योजनाकार विभाग ने बताया कि अवैध कॉलोनियों को पनपने से रोकना उनकी जिम्मेदारी है। डीटीपी के अनुसार भवन निर्माण के लिए सी.एल.यू. और नक्शा पास होना आवश्यक है। इस मामले में स्थानीय निकाय और नगर निगम से सूचना लेना उचित होगा। वहीं नगर निगम ने कहा कि नियमों के अनुसार भवन के निर्माण की वैधता जांची जाएगी और किसी भी कमी पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इसराना तहसील की नई तीन मंजिला बिल्डिंग तैयार

पानीपत, 14 फरवरी (हप्र)

पानीपत के इसराना में मांडी रोड पर तहसील की नई तीन मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। करीब सवा दो एकड़ जमीन पर 9.74 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस बिल्डिंग में इसराना तहसील और सब-डिविजन के सभी कार्यालय अगले मार्च में शिफ्ट होंगे। इससे 27 गांवों के पटवारी और अन्य कर्मचारी एक ही छत के नीचे बैठ सकेंगे, और जनता को सभी सुविधाएं एक जगह उपलब्ध होंगी।

नई बिल्डिंग में पंखे, एसी और पानी की टंकियां लगाना बाकी है, जबकि पार्किंग निर्माण वन विभाग द्वारा कुछ पेड़ काटने के बाद किया जाएगा। तहसीलदार, नायब तहसीलदार और ग्रुप सी व डी कर्मचारियों के लिए बिल्डिंग के पीछे आवास भी बनाए गए हैं।

इस कदम से लोगों को तहसील सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। इसराना एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने बताया कि मार्च में शिफ्टिंग के बाद जनता को सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। पीडब्ल्यूडी एसडीओ अश्वनी शर्मा ने कहा कि बाकी उपकरण जल्द ही लगाकर बिल्डिंग पूरी तरह तैयार कर दी जाएगी। नई तहसील बिल्डिंग के साथ ही इसराना क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों की सुविधा और जनता के लिए सेवा बेहतर होगी।

भाजपा के खिलाफ संघर्ष करेगी कांग्रेस जिला कार्यकारिणी : राजेश वैध

पानीपत में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित माईकल जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वैध का अभिनंदन करते हुए। -हप्र

घरौंडा, 14 फरवरी (निस)

घरौंडा विधानसभा में कांग्रेस के भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस करनाल जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश वैध ने की, जबकि मुख्य संचालन जिला उपाध्यक्ष कृष्ण शर्मा बसताड़ा ने किया। आयोजन की व्यवस्थाएं कांग्रेस प्रवक्ता रोबिन माईकल ने संभालीं।

समारोह में करनाल जिला उपाध्यक्ष संजय मेहता, कांग्रेस ओवरसीज डेलीगेट तेजिंदर मान, जिला सचिव सोनू कश्यप, नाजिम, जयपाल, सेवादल जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, महासचिव जसवीर पान्नू, साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समस्त जिला कार्यकारिणी ने शपथ ली कि वे भाजपा की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करेंगे और कांग्रेस को मजबूत बनाएंगे। अपने संबोधन में डॉ. राजेश वैध ने भाजपा और नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एपस्टीन फाइल्स में भाजपा नेताओं का नाम सामने आना शर्मनाक है और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता रोबिन माईकल ने कहा कि जब तक भाजपा सरकार एपस्टीन फाइल्स, आर्मी चीफ एम. एम. नरवणे की पुस्तक और अमेरिका ट्रेड डील के सवालों पर जनता को स्पष्ट जवाब नहीं देती, संघर्ष जारी रहेगा। चाहे जेल जाना पड़े या पुलिस की कार्रवाई सहनी पड़े, कांग्रेस जनता के हकों की लड़ाई लगातार लड़ेगी।

कार्यक्रम ने संगठन की एकजुटता, संघर्षशीलता और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से आवाज उठाने का संकल्प प्रदर्शित किया। यह आयोजन कांग्रेस परिवार की एकता और राजनीतिक प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण रहा।

एमडीएन ग्लोबल स्कूल में शिक्षा, संस्कार और सृजनात्मकता का भव्य उत्सव

ज्ञानोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने मॉडल बनाकर दिखाई प्रतिभा

ललित शर्मा/हप्र
कैथल, 14 फरवरी

कैथल के एमडीएन ग्लोबल स्कूल में ज्ञानोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। -हप्र

एमडीएन ग्लोबल स्कूल में ज्ञानोत्सव 2026-ए सेलिब्रेशन ऑफ लर्निंग का भव्य एवं गरिमामय आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना तथा राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, प्रबंधक गौरव गर्ग, साधना गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. संत कौशिक समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम में वेदांत इंटर नेशनल स्कूल नरवाना के निदेशक प्रदीप नैन, प्राध्यापक विनित शर्मा, कुलदीप सिंह, नवनीत, वीरेन्द्र गोयल सहित अन्य अतिथियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों का विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर, बैज पहनाकर अभिनंदन किया गया। प्राथमिक विंग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा, एकता, विविधता और नैतिक मूल्यों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया।

इस मौके पर भव्य शैक्षिक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

कैथल स्थित एमडीएन ग्लोबल स्कूल में अरावली मॉडल प्रस्तुत करते छात्र अग्निम व रक्त जांच करते सार्थक शर्मा। -हप्र

विद्यार्थियों ने किया 503 मॉडल का प्रदर्शन

705 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के कुल 503 मॉडलों का प्रदर्शन किया। इन मॉडलों में कंप्यूटर साइंस, विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, पंजाबी, वाणिज्य, कला एवं शिल्प तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषयों को समाहित किया गया था। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा भावी योजनाओं से अवगत कराया।

खबर है...

पीएनबी रिटायरीज का सम्मेलन आज सोनीपत में

जगाधरी (हप्र) : ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक 15 फरवरी को सोनीपत में आयोजित होगी। यमुनानगर से बैठक में केंद्रीय संगठन सचिव आर. के. वोहरा, सर्कल सचिव एस. पी. कंबोज, सर्कल अध्यक्ष चमन लाल कैंसे, उपाध्यक्ष अनिल पाराशर भाग लेंगे। सर्कल सचिव एस. पी. कंबोज ने कहा कि बैंकिंग सेवा पहले नॉन-पेंशनबल थी, जिसे 1995 में पेंशन योग्य बनाया गया, जबकि वर्तमान कर्मचारियों को नेशनल पेंशन सिस्टम के तहत रखा गया है। उन्होंने बताया कि बैंक कर्मचारी न तो केंद्र सरकार और न ही भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारियों के समान वेतन लाभ पाते हैं। हर वेतन संशोधन में आरबीआई कर्मचारियों को अलग पैकेज मिलता है, जबकि अन्य बैंक कर्मियों और पेंशनर्स की उपेक्षा होती है। बैठक में वेतन विसंगतियों, बैंकिंग समस्याओं और हॉलिडे होम बुकिंग में भेदभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

पुलवामा के शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर

नरवाना में पुलवामा शहीदों की स्मृति में सर्वजातीय बिनैन खाप के चबूतरे पर रक्तदान शिविर में मौजूद रक्तदाता व ग्रामीण। -निस

नरवाना (निस) : पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में सर्वजातीय बिनैन खाप के चबूतरे पर शनिवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेट्रो ब्लड बैंक जींद की टीम द्वारा 83 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं को हेलमेंट सम्मान के रूप में भेंट किये गये। शिविर डॉ. मनजीत नैन व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से लगाया गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज सेवा की मिसाल पेश की। खाप प्रवक्ता संदीप दनौदा ने सबसे पहले रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अमित नैन, गुरदेव, जयभगवान, किताब सिंह, डॉ. छोटा, डॉ. सुनेहरा, जंगीर सेलवाल आदि मौके पर मौजूद रहे।

नॉर्दर्न रेलवे का विशाल रक्तदान शिविर 23 को

यमुनानगर (हप्र) : जगाधरी वर्कशॉप में 23 फरवरी को होने वाले युवा उत्सव कार्यक्रम में शिव गोपाल मिश्र महामंत्री एआईआरएफएनआर एम यू व पूरा केंद्रीय नेतृत्व भाग लेगा। युवा कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। भूपेंद्र सिंह संधू मंडल अध्यक्ष कारखाना मंडल, मंदीप सिंह शाखा अध्यक्ष यांत्रिक जगाधरी, काम श्रवण कुमार शाखा सचिव यांत्रिक जगाधरी, संदीप दता शाखा सचिव विद्युत व राजेश त्यागी शाखा उपाध्यक्ष यांत्रिक ने बताया कि महामंत्री शिव गोपाल मिश्र मंचों से हमेशा अपने सम्बोधन में संगठन कार्यकताओं को कहते हैं। सेवा प्रथम उद्देश्य हमारे संगठन का है। इसी संदेश की कार्यपालना करते हुए एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी शिवम पैलैस में 23 फरवरी को होगा। इस अवसर पर मनोज शर्मा कोषाध्यक्ष यांत्रिक शाखा, उपेन्द्र शर्मा सहायक सचिव यांत्रिक शाखा, कुलदीप राणा उपाध्यक्ष यांत्रिक शाखा, नाहर सिंह सहायक सचिव यांत्रिक शाखा, आकाश दीप सोढी वरिष्ठ डैलीगेट भी उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि पर निकाली जाएगी शिव बारात

मुस्तफाबाद (निस) : महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को सरस्वती नगर में बड़ी धूमधाम व हर्ष उल्लास से मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में सरस्वती धाम पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी कृष्ण व्यास ने बताया कि पिछले तीन दिन से शिव पार्वती विवाह की तैयारी चल रही है। हल्दी, मेहंदी के पश्चात आज महिला संगीत का कार्यक्रम होगा। शिवभक्तों के द्वारा शिव बारात निकाली जाएगी। शिव बारात बैंड बाजे के साथ सरस्वती धाम से शुरू होकर मुख्य बाजार से होती हुई वापस सरस्वती धाम पर पहुंचेगी। जहां शिव पार्वती का जयमाला पहनाने कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजेश बक्शी व कुलवंत राणा ने बताया कि सुबह श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे व पूजा अर्चना करेंगे। वहीं, नवनिर्मित श्री एकादशी रूद्र नवग्रह मंडल मंदिर में भी शिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सरपंच सुखराज सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में ओम नमः शिवाय का पाठ निरंतर चलेगा तथा लोग पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करेंगे।



मुस्तफाबाद में प्राचीन शिव मंदिर का भव्य दृश्य। -निस

पुलवामा के शहीदों का बलिदान सदैव याद रहेगा: रामचंद्र जडौला

कैथल, 14 फरवरी (हप्र)

हैफेड के पूर्व डायरेक्टर एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने पुलवामा में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की बरसी पर देशभर में शहीद वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र आज भी उनके अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञता के साथ स्मरण करता है। रामचंद्र जडौला ने कहा कि पुलवामा के शहीदों का बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और सुरक्षा के लिए दिया गया अमर योगदान है।

गांव खरड़वाल पहुंची आदित्य सुरजेवाला की अस्पताल वैन सेवा

नरवाना, 14 फरवरी (निस)

नरवाना के गांव खरड़वाल में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करते आदित्य सुरजेवाला निःशुल्क अस्पताल वैन के डॉक्टर। -निस

विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन गरीब व जरूरतमंदों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। आज इस अस्पताल वैन ने गांव खरड़वाल में पहुंचकर ग्रामवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की। इस कैंप का शुभारंभ नरवाना क्षेत्र के समाजसेवी नीरज सिंगला ने रिबन काटकर किया। इस दौरान जयराम अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत घनघस और उनकी टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जांच की और दवाइयां वितरित की। ग्रामवासियों ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति के रूप में उभरी है। सुरजेवाला परिवार हमेशा जनता की सेवा में अग्रणी रहा है। यह वैन हर गांव और वार्ड तक पहुंचेगी, ताकि गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। आज कैंप में वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सुरजेवाला, जगरूप सुरजवाला, कांग्रेस एस.सी. सैल जिला अध्यक्ष सतबीर दबलैन, कृषक समाज जिला अध्यक्ष बिंदर फरैण, डॉ. शमशेर अमरगढ़, नसीब खरड़वाल, सुरेश खरड़वाल, विक्रम खरड़वाल, डॉ. साधु राम खरड़वाल,दीपक खरड़वाल, प्रेम खरड़वाल, बलवान सिंह, बृजेंद्र सिंह, पाला मलिक फरैण, धौला नैन, संजीव धमतान भी मौजूद रहे।

उचाना में विकास रैली को पंख लगायेगी सीएम सैनी की रैली : रोहताश खटकड़

उचाना, 14 फरवरी (निस)

कहसून मंडल के महामंत्री रोहताश खटकड़ ने कहा कि नायब सिंह सैनी की उचाना में होने वाली विकास रैली को लेकर मंडल स्तर पर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह रैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं उचाना के विकास को नई दिशा देने वाली रैली साबित होगी। रोहताश खटकड़ ने बताया कि मंडल के प्रत्येक बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को रैली में पहुंचने का निमंत्रण दे रहे हैं। रोहतास खटकड़ ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास से जुड़ी नई घोषणाएं कर सकते हैं। जिससे उचाना को नई पहचान मिलेगी।

रोहतास खटकड़ ने कहा कि क्षेत्र के किसान युवा और व्यापारी वर्ग इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं। बड़ी संख्या में पहुंचकर रैली को ऐतिहासिक बनाएंगे। रोहताश खटकड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 18 फरवरी की विकास रैली को सफल बनाएं।

किसानों का हल्ला बोल प्रदर्शन 18 को : सुरेंद्र सांगवान

करनाल, 14 फरवरी (हप्र)

करनाल में शनिवार को मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान नेता। -हप्र

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का धरना शनिवार को 9 वें दिन में प्रवेश कर गया। इतने दिनों बाद भी प्रशासन ने किसानों की सुध ली। प्रशासन की इस अनदेखी के खिलाफ किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। धरने पर एकत्रित किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अब आंदोलन को निर्णायक मोड़ पर ले जाया जाएगा। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र घुम्मन ने की जबकि भाकियू जिला चेयरमैन यशपाल राणा विशेष रूप से धरने में पहुंचे।

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने ऐलान किया कि 18 फरवरी को सुबह 10 बजे देवी लाल चौक पर सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ हल्ला बोल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जोरदार ट्रैक्टर मार्च निकालकर सरकार और प्रशासन को किसानों की ताकत का अहसास कराया जाएगा।

कांग्रेस के प्रदर्शन से डरी भाजपा ने पलटा पेंशन का फैसला : दीपेन्द्र

पानीपत, 14 फरवरी (हप्र)

पानीपत में पत्रकारों से बातचीत करते सांसद दीपेंद्र हुड्डा। -हप्र

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गांव निजामपुर में एनएसयूआई जिला प्रधान रूबल संधु के आवास पर आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन से डर कर बुजुर्गों की पेंशन काटने का फैसला पलट दिया। हुड्डा ने चेताया कि अगर भविष्य में ऐसा किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सीधे चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की भावना को नजरअंदाज करके कदम बढ़ाएगी तो उसका सामना मजबूत विपक्ष से होगा। उन्होंने भाजपा की कई अन्य घोषणाओं पर भी सवाल उठाए, जैसे हर महिला को 2,100 रुपए देने का वादा, रोजगार देने का वादा, और बीपीएल कार्डों की कटौती।

समालखा (निस) : सांसद दीपेंद्र ने गांव करहंस में सहरावत खाप के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच यशपाल सहरावत के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर बोलने से रोका जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भारत-यूएस डील और भारत-चीन तनाव जैसे विषयों पर विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है।

गांव दादूपुर जट्टान में हर्षोल्लास से मनायी महाराजा सूरजमल जयंती

यमुनानगर के गांव दादूपुर जट्टान में जयंती पर महाराजा सूरजमल को नमन करते ग्रामीण। -हप्र

यमुनानगर, 14 फरवरी (हप्र)

गांव दादूपुर जट्टान में महाराजा सूरजमल की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके वीरतापूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूरे गांव में खीर का प्रसाद बांटकर भाईचारे का संदेश दिया। युवाओं ने महाराजा सूरजमल के आदर्शों पर चलने और समाज सेवा में आगे रहने की शपथ ली।

गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने चर्चा करते हुए कहा कि महाराजा सूरजमल एक महान योद्धा थे, जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता और शौर्य के बल पर लोहा मनवाया। आज की पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाना बेहद जरूरी है, ताकि समाज में वीरता और नैतिकता बनी रहे।

इस अवसर पर पंडित वेद प्रकाश शर्मा, बृजपाल सिंह, जसविन्दर सिंह, कुलबीर सिंह, नैब सिंह फौजी, कर्णबीर सिंह, जसबीर सिंह, मनदीप सिंह, नवदीप सिंह, विनोद कुमार, गुलजार सिंह, युवा क्लब के सदस्य और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

डायस्पोरा, मेमोरी और होमलैंड पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

पानीपत, 14 फरवरी (वाप्र)

आर्य कॉलेज में अंग्रेजी विभाग और हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में 'डायस्पोरा, मेमोरी और होमलैंड : नेरेटीव ऑफ बिलोंगिंग एंड एलिएनेशन' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के ख्याति प्राप्त विद्वानों ने प्रवासी साहित्य और विस्थापन के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की।

मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार, प्रिंसिपल एमएन कॉलेज, शाहबाद मारकंडा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि डायस्पोरा केवल भौगोलिक विस्थापन नहीं, बल्कि स्मृतियों के साथ जीने की प्रक्रिया है। प्रमुख वक्ता प्रो. रवि भूषण, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, ने 'होमलैंड' की अवधारणा और प्रवासी व्यक्ति के दो दुनियाओं के बीच संघर्ष को स्पष्ट किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के सचिन एन. ने प्रवासी साहित्य के तकनीकी और भावनात्मक पक्षों पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन को कॉलेज की बड़ी उपलब्धि बताया। उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला और उपाचार्या अनुराधा सिंह ने विद्यार्थियों को शोध की बारीकियों और स्मृति की महत्ता से अवगत कराया।

pnb Housing Finance Limited
Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोनः – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः www.pnbhousing.com
करनाल शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एससीओ 218–219, दूसरी मंजिल, सेक्टर 12, पार्ट 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल – 132001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निर्दशित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निर्दशित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/KAR/1222/1058309, बी.ओ.: करनाल, गजराज जादू, श्रीमती कमलेश	08.08.2024 तक रु. 27,91,806.43	भौतिक कब्जा	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, मकान 85 वर्ग फीट गज, नई संपत्ति आईडी नं. 3BDL88C2, पटेल पार्क, शंकर गार्डन, गली नं.6, रेलवे लाइन के पार, बहादुरगढ़ जिला झज्जर–124507, खेवट नं.1476//1476, खतौनी नं. 2160, खसरा नं. 3756/2610 मिनट (0–11), 68/1331 कित्ता का हिस्सा 1 रकबा ताड़ी 0 बीघे 11 बिस्वे, शीर्षक विलेख वसीका नं.8599 दिनांक 15.02.2023 के अनुसार कमलेश पत्नी गजराज जादू के पक्ष में, सीमाएं: पूर्वः गली 10 फीट, चौड़ा (34 फीट 0 इंच), पश्चिमः प्लॉट (34 फीट 0 इंच), उत्तर प्लॉट परमेश्वर (22 फीट 5 इंच), दक्षिण – गली 10 फीट चौड़ा (22 फीट 5 इंच)	रु. 1910000	रु. 191000	09.03.2026	रु. 10,000	24.02.2026 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	10.03.2026 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(र्स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. **मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरूग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट–**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **राहुल दुआ, संपर्क नंबर 1800120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : करनाल, दिनांक : 15.02.2026
प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड